**खबर संक्षेप**

## 30 जनवरी को शहीदों की स्मृति में 2 मिनिट का मौन रखा जाएगा

**मण्डला।** डिप्टी कलेक्टर कृते कलेक्टर ने बताया कि 30 जनवरी 2025 (शहीद दिवस) को भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में प्रति वर्ष 2 मिनिट का मौन धारण रखा जाता है। उन्होंने सभी कार्यालयों को निर्देशित किया है कि उक्त दिनांक को पूर्वान्ह 11 बजे सायरन बजने पर अन्य काम तथा गतिविधियों को रोककर दो मिनिट का मौन रखा जाना है। सायरन सुनकर सभी व्यक्ति खड़े हो जायेंगे और मौन धारण करेंगे। शहीदों की स्मृति के रूप में मनाये जाने वाले 'शहीद दिवस' को उचित गंभीरता से एवं जनता के और बेहतर सहयोग से मनाया जाना सुनिश्चित करें।

## 31 जनवरी को दान पेटी कार्यालय नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट माहिष्मती घाट में खोला जाएगा

**मण्डला।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मंडला ने बताया कि माँ नर्मदा पंचचौकी महाआरती माहिष्मती घाट के सभी संबंधित अधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थिति में 31 जनवरी 2025 को प्रातः 11 बजे दान पेटी को कार्यालय नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट माहिष्मती घाट में खोला जाएगा।

## निविदा कार्यवाही प्रारंभ करने हेतु समिति गठित

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने आपदा प्रबंधन के सुचारू समन्वय एवं प्रबंधन के लिए डिस्ट्रिक्ट कमांड एवं कंट्रोल सेंटर के संचालन हेतु जिला स्तर पर निविदा कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। डिस्ट्रिक्ट कमांड एवं कंट्रोल सेंटर स्थापित करने हेतु जिला स्तर पर ऑनलाईन निविदा समस्त प्रक्रिया हेतु समिति गठित की गई है। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, संयुक्त कलेक्टर श्री जगदीश यादव, जिला कोषालय अधिकारी श्री अखिलेश नेटी, लेखाधिकारी जिला पंचायत श्री तफीम अहमद खान तथा जिला ई गवर्नेंस प्रबंधक सदस्य होंगे। प्रबंधक लोक सेवा प्रबंधन श्रीमती कविता गुप्ता सदस्य सह सचिव नियुक्त किए गए हैं।

### प्रतिबंध के बावजूद बिक रही शराब, नर्मदा में हो रहा मशीनों से उत्खनन

# नियमों का पालन नहीं तो बनाते ही क्यों





*** सेटअप बनाओ और माल कमाओ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

*नर्मदा भक्त तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने माँ नर्मदा के प्रति अपनी एवं अपनी सरकार की आस्था प्रकट करते हुए नर्मदा सेवा यात्रा के दौरान नर्मदा के तटो पर शराब के विक्रय भंडारण एवं परिवहन पर तत्काल रोक लगा दी थी लेकिन जिन पर इन प्रतिबंधों के पालन कराने की जिम्मेदारी रही उन्होंने ही सेटअप बनाकर माल कमाया ना तो उन्हें मां नर्मदा की आस्था से कोई मतलब रहा और ना ही सरकार की मनसा से चार दुकान शराब की क्या बंद हुई 400 नई अस्थाई दुकानें खोल दी गई जिन पर ना तो समय की कोई पाबंदी है और ना ही स्टॉक की हर गली और कूचे में आपको इनके शौकीन और उपलब्ध कराने वाले मिल जाएंगे और ऐसा भी नहीं की विभाग कार्यवाही नहीं करता कार्यवाही होती है लेकिन सिर्फ उन पर जिसके साथ सेटअप नहीं बना है फिर वह चाहे सात तालों में छुपा कर माल को क्यों ना रखा हो उसे पकड़ ही लिया जाएगा लेकिन सेटअप वालों का खुलेआम बिकता माल नजर ही नहीं आता यह है कमाल।*

### रेत उत्खनन पर भी मेहरबान

अब दूसरी विडंबना देखिए माँ नर्मदा के प्रति सरकार तो आस्थावान है ही और इतनी अधिक आस्था है कि नर्मदा नदी को एक जीवंत इकाई का दर्जा दिया जा चुका है यानी इससे छेड़छाड़ करने वाला व्यक्ति कानून का अपराधी होगा और जिस तरह से किसी जीव को हानि पहुंचाने में सजा का प्रावधान है वही सजा यहां भी लागू होती है लेकिन नर्मदा नदी में बड़ी-बड़ी मशीनों के माध्यम से जो रेत का उत्खनन किया जा रहा है वह तो मां नर्मदा की सेवा ही की जा रही है तभी तो यह आस्थावान सरकार के प्रतिनिधि एवं प्रशासन के अधिकारी को यह मशीन नजर नहीं आ रही और उनके मालिकों पर नजरे इनायत की जा रही है हजारों ट्राली मिटटी मुर्रम डालकर नर्मदा की धारा को प्रभावित किया जा रहा है वह माँ नर्मदा की सेवा ही की जा रही है और यही कारण है की रेत निकालने वाले शासन प्रशासन के चहेते बने हुए हैं बड़े-बड़े डंपरों को नर्मदा के जल के बीचो-बीच दौड़ाया जा रहा है इनमें मशीनों से रेत उत्खनन कर भरी जा रही है लेकिन ना तो कोई यह देख रहा है और ना ही यह देख रहा है कि डंपरों में कितनी मात्रा में रेत परिवहन की जा सकती है बिना नंबर प्लेट के डंपर रेत का परिवहन कैसे कर रहे हैं क्या इनके पास रॉयल्टी है क्या इन्हें गीली रेत परिवहन करने की अनुमति है क्या किसी भी ग्रामीण के खेतों एवं बाड़ी से परिवहन करने का इन्हें अधिकार मिला है क्या किसी की भी खेती हर भूमि को यह नुकसान पहुंचा सकते हैं क्या कहीं भी नाका लगाकर परिवहन एवं आवागमन प्रभावित कर सकते हैं निश्चित रकवा के अलावा जहां से मनचाहा वहीं से रेत का उत्खनन करना क्या इनके लिए कानूनी है बक्छेरा दोना रेत खदान में तो जैसे इनका अपना शासन चल रहा है लगभग 1 किलोमीटर के क्षेत्र से रेत उत्खनन की जा रही है और ऐसा भी नहीं की खनिज विभाग को इसकी जानकारी ना हो दो दिन पहले ही बाकायदा खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस खदान से होकर गए हैं अब क्या देखने आए थे यह तो वे ही बता सकते हैं या फिर एक नया सेटअप बनाने आए थे जो भी हो क्षेत्र के नर्मदा भक्त इस तरह की कार्यप्रणाली से अत्यंत आहत है और जब जिम्मेदार अपनी भूमिका का निर्वाह नहीं करते तो जनता न्याय करने आगे आती है ऐसी स्थिति ना बने इसका ध्यान रखा जाना होगा अन्यथा मां नर्मदा तो है ही न्याय करने के लिए और जब उनकी लाठी चलती है तो आवाज नहीं होती सिर्फ आंहे ही सुनाई देती हैं।

## वनपरिक्षेत्र मुक्की में मंगलवार को मादा बाघ मृत मिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

क्षेत्र संचालक कान्हा टाईगर रिजर्व मंडला ने बताया कि वन भूमि कक्ष क्रमांक 189 बीट परसाटोला, वृत मुक्की, वनपरिक्षेत्र मुक्की में मंगलवार को एक वन्यजीव मादा बाघ उम्र लगभग 2 वर्ष मृत पाया गया। जिस पर एनटीसीए नई दिल्ली एवं कार्यालय मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक मध्यप्रदेश भोपाल से जारी दिशा निर्देश अनुरूप त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल को सुरक्षित किया गया व डॉग स्क्वाड की सहायता से घटना स्थल एवं उसके आस-पास छानबीन की गई। पोस्टमार्टम विशेषज्ञ वन्यजीव चिकित्सक डॉ. संदीप अग्रवाल का.टा. रिजर्व मण्डला, डॉ. पी.के. ज्योत्षी सेवानिवृत पशु चिकित्सक, डॉ. राकेश वारेस्वा पशु चिकित्सक के द्वारा किया गया है। इस दौरान वन्यजीव मादा बाघ के शरीर के सभी अंग सुरक्षित पाये गये। निर्धारित प्रक्रिया अनुसार शवदाह/भस्मीकरण की कार्यवाही क्षेत्र संचालक रवीन्द्रमणि त्रिपाठी, श्रीमती अमीता के.बी. उपसंचालक कोर, जमुनाप्रसाद भगत नायब तहसीलदार बैहर, श्रीमती शकुन्तला मरकाम सरपंच बम्हनी पंचायत, श्रवर्णा गोस्वामी एन.टी.सीए. प्रतिनिधि एवं वन्यजीव विशेषज्ञ, चन्द्रेश खरे वन्यप्राणी अभिरक्षक (मानद) एवं अजय ठाकुर सहायक संचालक हालोन व अन्य की उपस्थिति में की गई।

### जिले की संभाव्यतायुक्त ऋण योजना की पुस्तिका का विमोचन

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने नाबार्ड द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए तैयार की गई पीएलपी (पोटेन्शियल लिंक्ड क्रेडिट प्लान) का विमोचन किया। इस दौरान नाबार्ड डीडीएम श्री देबब्रत पाल एवं एलडीएम श्री सुजय कुमार उपस्थित थे। संभाव्यतायुक्त ऋण योजना 2025-26 के अंतर्गत विभिन्न प्राथमिकता क्षेत्र एवं उप क्षेत्र जिनके अंतर्गत संस्थागत ऋण के माध्यम से संभाव्यता को प्राप्त किया जा सकता है, ऐसे क्षेत्र का आंकलन वर्ष 2025-26 के लिए किया गया है। डीडीएम नाबार्ड ने बताया कि मंडला जिले के लिए वर्ष 2025-26 के लिए 255624.69 लाख की ऋण योजना बनाई गई है। इसमें प्राथमिकता क्षेत्रों में फसल ऋण के लिए संभाव्यता 126446 लाख एवं कृषि में निवेश (मियादी) ऋण 47060 लाख है। लघु मध्यम एवं सूक्ष्म इकाइयों के अंतर्गत 50306 एवं अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों के लिए 31812 की संभाव्यता का आंकलन किया गया है।

# बैगा आश्रम में मनाया गया गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

दिनांक 26.01.2025 को आदिवासी बैगा बालक आश्रम मझगांव में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजनचच किया गया जिसमें शाला में अध्यनरत छात्र छात्रों के द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर मनमोहक प्रस्तुति दी गई एवं बालक आश्रम के द्वारा सैला नृत्य का बहुत ही शानदार प्रस्तुति दी हमारे विकासखंड नारायणगंज के विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री आर के विश्वकर्मा जी के द्वारा यह घोषणा किया गया की EPES हाई स्कूल मझगांव में अध्यनरत कक्षा



दसवीं के छात्र-छात्राओं को इस शैक्षणिक सत्र 24-25 में अगर 80 परसेंट लेकर के पास होते हैं तो उन्हें मेरी तरफ से₹5000 की पुरस्कार प्रदान किया जाएगा यह घोषणा कर आर के विश्वकर्मा जी पढ़ाई की प्रति छात्रों के मन में रुझान जागृत कर दिया है कि 80%लेकर ही कक्षा 10वीं उत्तीर्ण होना है ग्राम के वरिष्ठ नागरिक महिलाएं बच्चे पालक सभी गणतंत्र दिवस के इस पावन अवसर पर विश्वकर्मा जी के घोषणा का बहुत ज्यादा समर्थन किया और पिछले शैक्षिक सत्र 2024 में कक्षा दसवीं में अध्यनरत छात्र विकास विश्वकर्मा को ग्राम पंचायत मझगांव के सरपंच एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर के विश्वकर्मा जी के द्वारा पुरस्कृत किया गया और ऐसे ही अध्यनरत छात्रों को भी प्रोत्साहित किया गया है कि आप भी अच्छे से पढ़ाई करें जिससे आपको भी सम्मान दिया जाएगा EPES हाई स्कूल मझगांव के प्राचार्य राजेश कुमार आयाम जी संस्था के वरिष्ठ शिक्षक श्री बी एल धुर्वे जी एवं समस्त स्टाफ का बहुत बड़ा योगदान है जिससे बच्चों का बेहतर भविष्य संवार सके इसी तारतम्य में आदिवासी बैगा बालक आश्रम मझगांव के अधीक्षक श्री देव सिंह भारतिया जी के द्वारा ग्राम से आए समस्त वरिष्ठ नागरिकगण महिलाएं बच्चौं एवं समस्त स्टाफ को रुचि पूर्ण भोजन एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का समापन किया गया।

## खनिजों के अवैध परिवहन में संलिप्त वाहन जप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम हेतु मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर मण्डला के निर्देशानुसार खनिज विभाग मण्डला द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तथा अवैध भण्डारण के विरूद्ध सतत रूप से कार्यवाहियाँ की जा रही है। इसी तारतम्य में प्राप्त शिकायत के आधार पर 25 जनवरी 2025 को ग्राम कोको बिछिया में खनिज बोल्डर में संलिप्त वाहन व्यू पावर ट्रेक्टर, 27 जनवरी 2025 को ग्राम पौंड़ी महाराजपुर में वाहन ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 51 एए 6427 एवं 28 जनवरी 2025 को बिछिया क्षेत्र अन्तर्गत खनिज रेत में संलिप्त एक वाहन ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 51 एबी 0369 मय ट्राली क्रमांक एमपी 51 एए 2168 को खनिज विभाग द्वारा जप्त किया गया। उक्त संलिप्त वाहन को जप्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित चौकी प्रभारी, चौकी अंजनिया की सुपुर्दगी में दिया गया। उक्त वाहन के विरूद्ध म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही सहायक खनि अधिकारी एवं खनिज अमले द्वारा की गई।

### जेलघाट में होगा रामधुन कीर्तन, साड़ी अर्पण कार्यक्रम एवं प्रसादी वितरण

**मण्डला।** माँ जन्मोत्सव पर्व के अवसर पर जेलघाट मण्डला में दिनांक 04.02.2025 को विशाल रामधुन कीर्तन प्रातः 11 बजे से प्रारंभ किया जायेगा एवं माँ नर्मदा में साड़ी अर्पण का कार्यक्रम दोपहर 2 बजे किया जायेगा। दिनांक 05.02.2025 को रामधुन कीर्तन समाप्ति पश्चात हवन पूर्ण आहुति दी जायेगी तत्पश्चात प्रसादी वितरण किया जायेगा। जेलघाट समिति के कार्यकारिणी सदस्यों ने समस्त श्रद्धालु से अपील की है कि माँ नर्मदा के जयंती समारोह में आयोजित धार्मिक आयोजनों में उपस्थित होकर धर्मलाभ उठावें।

**आयोजन** | गोला फेंक, कबड्डी, रस्सा कसी, कुर्सी दौड़, खो-खो आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन।

# जनपद स्तरीय आनंद उत्सव का हुआ आयोजन





*** विजेता प्रतियोगियों को किया गया पुरूष्कृत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

मध्यप्रदेश आनंद विभाग के अनुसार विगत माह से प्रदेश के सभी जिलों में सेक्टर स्तरीय आनंद उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 50 वर्ष से अधिक व 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं/पुरुषों, दिव्यागजनों एवं बुजुर्गों की विशेष सहभागिता के साथ विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उसी तारतम्य में जनपद पंचायत नारायणगंज द्वारा दिनांक 28/01/2025 को जनपद स्तरीय आनंद उत्सव का आयोजन मुख्य अतिथि आशाराम भारतीय (जनपद अध्यक्ष) विशिष्ट अतिथि अविनाश शर्मा (जनपद उपाध्यक्ष), रामप्यारे कुलस्ते (पूर्व विधायक), डॉक्टर विजय सरवटे पूर्व जनपद सदस्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी गौरीशंकर डेहरिया (कार्यक्रम प्रभारी) एवं जनपद पंचायत के समस्त जनपद सदस्य, सरपंच, पंच एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति में किया गया। जिसमें नारायणगंज जनपद अंतर्गत आने वाले सभी सेक्टरों की टीम ने सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत में समस्त अतिथियों द्वारा दीप प्रज्लवित कर, सरस्वती पूजन व सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात मंचासीन समस्त अतिथियों का पुष्प गुच्छ व पुष्पहार से स्वागत किया गया। स्वागत उपरांत जनपद स्तरीय आनंद उत्सव में खेलों की शुरुआत की गई। जिसमें सर्वप्रथम महिला वर्ग गोला फेक पुरुष कबड्डी महिला कबड्डी खोखो 100 मीटर दौड़ रस्साकसी, कुर्सी दौड़ आदि प्रतियोगिताएं संपन्न हुई और विजयी प्रतिभागी व विजयी टीम को शील्ड एवं ट्रॉफी व पारितोषक देकर सम्मानित किया गया। इस जनपद स्तरीय आनंद उत्सव में विजयी टीम को मण्डला में आयोजित होने वाले आनंद उत्सव कार्यक्रम में सहभागिता कराई जाएगी।

कार्यक्रम के अंत में विजयी प्रतिभागियों व टीमों को अतिथियों के द्वारा पुरुष्कार देकर सम्मानित किया गया साथ ही जिला स्तरीय आनन्द उत्सव में सहभागिता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गई। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन दिलीप मरावी (शिक्षक) हायर सेकेंडरी स्कूल बबलिया व राजीव वर्मा (शिक्षक) मा. शाला भावल के द्वारा किया गया। आनन्द उत्सव के समस्त खेलों को सम्पन्न कराने में खेल शिक्षक सुजीता यादव, राजेन्द्र मरावी, नन्दनी उईके, मूलचंद कुंजाम, नितेश परस्ते का योगदान रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बीआरसी कमलेश भवेदी, मण्डल संयोजक आर के गुप्ता, रम्मू सिंह मरावी, उमेश यादव, प्रफुल्ल डोंगरे, प्रेम शंकर दुबे, मुकेश नायक, विनय सोनी, जितेन्द्र अहिरवार का विशेष योगदान रहा।

## शासकीय महिला बहुउददेशीय स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र में हुआ दिव्यांग शिविर का आयोजन





*** 105 दिव्यांगजनों को प्रदाय किये गये दिव्यांग प्रमाण पत्र।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि कलेक्टर मण्डला के निर्देशानुसार मंगलवार को श्रवण एवं मनोरोग संबंधी दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉ. नरेन्द्रनाथ नामदेव, ईएनटी विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय सिवनी एवं मनोरोग चिकित्सक डॉ. बी.आर. बरकड़े, जिला चिकित्सालय जबलपुर द्वारा सेवायें प्रदाय की गई। शिविर का उदघाटन विनोद कछवाहा अध्यक्ष नगरपालिका मण्डला द्वारा सरस्वती पूजन एवं वंदन के साथ प्रारंभ किया गया। इस शिविर में श्रवण बाधित, अस्थि बाधित, मनोरोग, सिकलसेल संबंधी दिव्यांगजनों की जांच की गई। शिविर में जिला मेडिकल बोर्ड मण्डला के डॉ. विजय सिंह धुर्वे, सिविल सर्जन, डॉ. प्रवीण उइके आरएमओ, डॉ. सूरज मरावी, अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. योगेश सिरश्याम पैथालॉजिस्ट उपस्थित रहे। उक्त शिविर में 152 दिव्यांगजनों की जांच और 105 दिव्यांगजनों को दिव्यांग प्रमाण पत्र दिए गये। उक्त शिविर को सफल बनाने में उपसंचालक सामाजिक न्याय, डी.डी.आर.सी टीम, जिला परियोजना समन्वयक एवं टीम, के.के. उपाध्याय एपीसी, प्राचार्य महिला स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र, अजय सैयाम प्रबंधक जिला चिकित्सालय मण्डला, राम मिश्रा शाखा प्रभारी, प्रदीप साहू, वीरेंद्र पाटिल आडियोलॉजिस्ट, रोहित पटैल दिव्यांग मेडिकल बोर्ड शाखा का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### खलियान बेचने की बात को लेकर को लेकर दो पक्षों में मारपीट होने से पुलिस ने किया काउन्टर मामला दर्ज

गाडरवारा। समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम अमाडा निवासी राजू पिता बाल किशन अहिरवार उम्र 50 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस मेरे घर के सामने मेरे लड़का प्रदीप से अजमेर अहिरवार एवं यशवंत अहिरवार खलियान बेचने की बात को लेकर विवाद कर रहे थें। इसी दौरान मेरी पत्नी व मैने पहुंचकर उन लोगों को गाली देने से मना किया तो अजमेर तथा यशवंत ने एक राय होकर हम लोगों को भी गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठी से मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। इसी प्रकार से प्रार्थी अजमेर द्वारा भी अपनी शिकायत में प्रदीप, राजू तथा सुनील अहिरवार पर मारपीट का आरोप लगाते हुये की गई शिकायत के चलते पुलिस ने दूसरे पक्ष के खिलाफ भी मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### दो बेटियों ने मिलकर कर दी माँ की पिटाई

गाडरवारा। कभी कभी इस तरह के मामले सामने आते है जिनकी कल्पना नही की जा सकती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों नगर के पानी टंकी के पास उस समय देखने मिली जब माँ द्वारा अपनी बेटियों के खिलाफ पुलिस थाने में शिकायत की गई। घटना के संबंध में एक महिला द्वारा अपनी दो बेटियों के खिलाफ पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने घर थी उसी समय उसे बड़ी व छोटी बेटी एक साथ आई और बड़ी बेटी प्रार्थिया यानि की अपनी माँ से बोली की तू मेरी पति से फोन पर बात क्यों करती है..। इस तरह अपनी माँ को पति से बात करने से नाराज बड़ी व छोटी बेटी द्वारा खुद की माँ के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़ित माँ की शिकायत पर आरोपी बेटियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### शक्कर पुल के पास मोटर साईकिल की टक्कर से घायल

गाडरवारा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम बरांझ निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे भाई ललता प्रसाद जाटव ने मुझे फोन लगाकर बताया कि छोटे भाई ओम प्रकाश जाटव का एक्सीडेंट हो गया है जो ईलाज हेतु शा.अस्पताल गाडरवारा में भर्ती है। घटना के जानकारी मिलते ही जब मैं शासकीय चिकित्सालय पहुंचा तो वहां पर मेरे भाई दी की वह अपनी मो.सा.क्रमांक MP49ML8352 से कही जा रहा था उसी समय शक्कर नदी पुल के उपर पहुंचा तभी एक मोटर साईकिल क्रमांक MP49MR6109 का चालक द्वारा अपनी मोटर साईकिल को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये टक्कर मारने के चलते भाई को चोटे पहुंची है। घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी मोटर साईकिल चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

**दो आरोपियों के पास से जप्त किया एक लाख से अधिक कीमत का स्मैक पावडर**

# कुछ दिनों के अंतराल बाद गाडरवारा पुलिस की टीम मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ फिर सक्रिय होते हुये दे रही दिखाई

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जिस तरह गाडरवारा क्षेत्र में मादक पदार्थ यानि की स्मैक पावडर का अवैध कारोबार संचालित होते हुये देखा जा रहा है उसके चलते युवा पीढ़ी इसकी चपेट में आने के साथ उनकी जिन्दगी बर्बाद होने से नही चूक पा रही है। इस तरह मादक पदार्थ के अवैध कारोबार को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा संपूर्ण जिले में जिस तरह से कार्यवाही करने के आदेश जारी किये गये थें उसके चलते बीते हुये लगभग साल साथ में गाडरवारा पुलिस के हाथ बड़े बड़े कारोबारी गिरप्त में आने से नही चूक पाये थें। मगर देखा गया कि ज्यों पुलिस के हाथ किसी बड़े स्तर के कारोबारी तक पहुंचते हुये देखे गये है। मगर इसके तुरंत बाद गाडरवारा पुलिस थाने में पदस्थ रहे थाना प्रभारियों का अचानक तबादला होना चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रहा था.., तो दूसरी ओर क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे पावडर के कारोबार को लेकर अनेक प्रकार की चर्चाये सुनी जा रही थी..? इस स्थिति में इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये जुटे हुये पुलिस विभाग के अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों का मनोबल भी टूटते हुये दिखाई देने से नही बच पा रहा था..? इस तरह इस तरह मादक पदार्थो के खिलाफ बीते हुये कुछ दिनों से पुलिस की कार्यवाहीी में कमी दिखाई देना शुरू हो चुकी थी। मगर गाडरवारा पुलिस थाने की पुनः बागडोर संभालने के बाद नगर निरीक्षक विक्रम रजक व उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा की टीम द्वारा मादक पदार्थो का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ एक बार फिर अपनी सक्रियता दिखाना शुरू कर दिया गया है इसी का परिणाम है कि पुलिस द्वारा स्थानीय स्तर के दो लोगों को पकड़ते हुये उनके पास से एक लाख बीस हजार कीमत का स्मैक पावडर जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। पुलिस की इस कार्यवाही की लोगों द्वारा सराहना तो की जा रही है मगर लोग यह बात कहने से भी नही चूक रहे है कि अब आगे क्या होगा यह किसने जाना...? खैर सच्चाई जो भी हो। मगर इस संबंध में पुलिस द्वारा अपनी जानकारी में बताया




गया है कि अवैध मादक पदार्थ के कारोबार पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने, साथ ही नशे का कारोबार एवं सेवन करने वालों पर पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु जिला पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बीते हुये दिवस गाडरवारा पुलिस को क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा स्मैक पावडर विक्रय करने के संबंध में मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त होने से नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराये जाने पर आदेश मिला की आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा जावे। इसी के चलते पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरप्तारी को लेकर अलग अलग टीमों का गठन किया गया। इस तरह उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा बनाई गई टीम में मुख्य रूप से उप निरीक्षक नीलेश बड़कुर, सहायक उप निरीक्षक राकेश दीक्षित, प्रधान आरक्षक भास्कर पटैल, वरिष्ठ आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, कमलेश, आरक्षक बाल कृष्ण रघुवंशी ,दिनेश पटैल, आकाश बारोलिया, बसंत, नसीम अख्तर, हरिशंकर, ऐश्वर्य वेंकट को शामिल किया गया था। इस तरह बीते हुये बुधवार को टीआई विक्रम रजक की टीम द्वारा कोयला रैक डिपो से संदेह के आधार पर एक युवक को पकड़ते हुये जब उससे पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम जीवन लाल पिता होती लाल कहार, उम्र 47 वर्ष, निवासी पटैल वार्ड गाडरवारा का रहने वाला बताया गया। वही जब युवक की तलाशी ली गई तो पुलिस को इसके पास से 06.46 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक प्राप्त हुई जिसकी कीमती करीबन 60 हजार रूपये है बताया जा रहा है। इसी तरह एक अन्य व्यक्ति को पुलिस टीम द्वारा नगर के रेल्वे स्टेशन से कुछ दूर यानि की डगडगा पुल मरघटा के पास से पकड़ते हुये जब पूछताछ की गई तो युवक ने अपना नाम धनराज पिता गुमान सिंह, उम्र 36 वर्ष, निवासी निरंजन वार्ड, गाडरवारा बताया गया। वही इस युवक की तलाशी लेने पर पुलिस को इसके पास से भी 06.48 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जिसकी कीमती करीबन 60 हजार पाई गई। इस तरह उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक विक्रम रजक की टीम द्वारा मादक पदार्थो के खिलाफ अपनी पुनः सक्रियता दिखाते हुये शुरू की गई कार्यवाही के चलते अलग अलग स्थानों से दो युवकों के पास से लगभग एक लाख बीस हजार रूपया का स्मैक पावडर जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। वही आरोपियों के पास से स्मैक पावडर जप्त करते हुये एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार कर मा.न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर पूछताछ शुरू कर इस बात का पता करने का प्रयास किया जा रहा है कि आखिरकार वह इतनी अधिक मात्रा में स्मैक पावडर लेकर कहा से आये हुये थें और किसको विक्रय करने की जुगाड में घूम रहे थें। यदि पुलिस इस सच्चाई का पता लगाने में सफल होती है तो निश्चित तोर एक बार फिर बड़े कारोबारियों तक पहुंचने का रास्ता साफ होने से नही चूक पायेगा..?

# प्रदेश के मुख्यमंत्री ने गाडरवारा क्षेत्र के अनेक विकास कार्यों का किया लोकापर्ण

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जिस तरह केन्द्र से लेकर प्रदेश में बैठी हुई भाजपा सरकार द्वारा विकास कार्यो को अंजाम दिया जा रहा है उसके चलते गांवों की सूरत बदलते हुये देखी जा रही है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये सप्ताह यानि की 23 जनवरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मनमोहन यादव को जिले के अंतर्गत गोटेगांव में आयोजित सहयोग क्रीड़ा मंडल के आयोजन के समापन अवसर पर आगमन हुआ तो इस दौरान उन्होने गाडरवारा क्षेत्र के विकास को लेकर अनेक निर्माण कार्यो का लोकापर्ण करते हुये नये निर्माण कार्यो के लिये आधार शिला रखी गई। इस मौके पर प्रदेश के प्रदेश के पंचायत मंत्री प्रहलाद पटैल के आलवा सांसद चौधरी दर्शन सिंह, तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल, गोटेगांव विधाच महेन्द्र नागेश, पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटैल के आलवा गाडरवारा क्षेत्र के पूर्व विधायक गोविंद सिंह पटैल कक्काजी सहित अन्य भाजपा नेतागण मौजूद थें। बताया जाता है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव द्वारा गाडरवारा तहसील क्षेत्र के जिन निर्माण कार्यो का लोकापर्ण किया गया है उसमें मुख्य रूप से 8 करोड़ 3 लाख रूपये लागत का माल्हनवाड़ा, कल्याणपुर, बसुरिया, सगौरिया,



खकरिया, भटेरा, बनवारी ), 9 करोड़ 99 लाख रूपये लागत का गाडरवारा पिपरिया (एसएच 22) से पिपरिया कला विकास खण्ड बाबई चीचली का लोकार्पण किया। इसी तरह मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिन निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया। उनमें 40 करोड़ 4 लाख रुपये की लागत से मोहपानी से बड़ेगांव (तलैया) सड़क मार्ग तो 12 करोड़ 49 लाख रूपये की लागत का मोहपानी बड़ेगांव रोड से भिल्माढाना (राजस्व) बाबई चीचली मार्ग। इसी तरह 8 करोड़ 42 लाख रूपये की लागत का भिल्माढाना (राजस्व) से कोटरी रोड (छिंदखेड़ा) बाबई चीचली तथा 5 करोड़ 71 लाख रूपये की लागत का भिल्माढाना कोटरी रोड से हिंगपानी बाबई चीचली मार्ग, 46 लाख रूपये की लागत का भिल्माढाना (राजस्व) कोटरी रोड से भिल्माढाना (वन) बाबई चीचली तथा एक करोड़ 2 लाख रूपये की लागत का बम्हौरी रोड़ से निवारी (सांईखेड़ा) मार्ग एवं एक करोड़ 39 लाख रूपये की लागत का बम्होरी रोड से खिरिया (सांईखेड़ा) तो 6 करोड 17 लाख रूपये की लागत का धनोरा रोड से अंजदा ढिगसरा (सांईखेड़ा), इसी प्रकार से 2 करोड़ 38 लाख रूपये की लागत का गाडरवारा सांईखेड़ा रोड से धनौरा (सांईखेड़ा)। वही 2 करोड़ 53 लाख रूपये की लागत का चामचौन से सांगई सांईखेड़ा के विकास कार्यो का भूमिपूजन किया है।

## गणतंत्र दिवस के अवार स्व. अशोक लोधी की स्मृति राजेश द्वारा सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** निश्चित तौर से जब कोई व्यक्ति अपनों से सदा की लिये दूर हो जाता है तो उसके परिवारजन उसकी स्मृति में इस तरह के सराहनीय कार्यक्रम करते हुये देखे जाते है जिसके चलते दूर होने वाले व्यक्ति को सदा ही याद रखा जाने लगता है। कुछ इसी प्रकार से सालीचौका के युवा राजेश वर्मा द्वारा स्व अशोक लोधी की स्मृति में हर साल गणतंत्र दिवस के मौके पर नगर का नाम रोशन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित करने से नही चूकते है। हर साल की तरह इस साल भी बीते हुये गणतंत्र दिवस के अवसर शासकीय हाई स्कूल सहावन में स्वर्गीय अशोक कुमार लोधी की स्मृति में उनके छोटे भाई आईसना पत्रकार संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार लोधी के द्वारा नगर में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिसमे में मुख्य रूप से हाई स्कूल सहावन में कक्षा 10वीं व 9वीं एवं 8वीं तथा 5वीं मैं प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्रोंओ व को शील्ड व गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति पर शाला मैं उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर बच्चों को भी शील्ड देकर सम्मानित किया गया एवं कक्षा दसवीं का रिजल्ट शतप्रतिशत आने पर हाई स्कूल सहावन के शिक्षा स्टाफ को शील्ड देकर भी सम्मान किया गया कक्षा दसवीं से कुमारी दीक्षा, पिता दीपचंद वर्मा 94.8 प्रतिशत, कुमारी पूनम पिता भगवान दास विश्वकर्मा 94.4 प्रतिशत, कुमारी निकिता पिता उत्तम वर्मा 94 प्रतिशत। इसी प्रकार से कक्षा नवमी से कुमारी पूजा पटेल पिता मनोज पटेल93.8 प्रतिशत, कुमारी अंकिता पिता लक्ष्मी नारायण साहू 93.6 प्रतिशत, कुमारी गरिम पिता सुनील साहू 93.4 प्रतिशत। वही कक्षा आठवीं प्रथम सिमरन पिता गोपाल प्रसाद प्रतिशत 82.25 प्रतिशत, द्वितीय तरुण पिता कैलाश अहिरवार प्रतिशत 90.3 प्रतिशत, तृतीय अमन पिता कन्हैया लाल कहार प्रतिशत 89.83 प्रतिशत तो कक्षा पांचवी देव पिता रमाकांत वर्मा प्रतिशत 82.25 प्रतिशत, द्वितीय कुमारी प्रिया पिता भगवानदास साहू, तृतीय कुमारी मेघा पिता दशरथ वर्मा प्रतिशत 78.25 प्रतिशत को स्व. अशोक कुमार लोधी के अनुज भाई राजेश लोधी ने अपने भाई की स्मृति में बच्चों को शील्ड व गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती राधा बाई अहिरवार व ग्राम के सरपंच बलवीर ठाकुर के आलवा उप सरपंच भगवानदास वर्मा, सचिव तेजराम वर्मा, संस्था के प्रभारी प्राचार्य सुर्यकांत मेहरा सहित मुराली शास्त्री, अशोक सिलोकिया, नरेश भुस लोडिया, राजकुमार वर्मा, महेंद्र पटेल, धनराज मुहारिया, कमलेश अहिरवार, स्कूल के शिक्षक राजेन्द्र ठाकुर, प्रदीप पटेल, संजू कौरव, शीरीष पाठकार, लखन लाल चोधरी, पुरूषोत्तम लोधी, श्रीमती अंकिता मेहरा, गनेश प्रसाद वर्मा, विपुल तिवारी,राजकुमार गुप्ता, हेमराज राय, श्रीमती, आरती चोकसे, दुर्गेश वर्मा, सोरभ तिनगुडिया , श्रीमती सीनू अग्रवाल, श्रीमती खुशबू कौरव के आलवा अन्य गणमान्य ग्रामवासी मौजूद थें।



# गणतंत्र दिवस के मौके पर भी नहीं बदली नगर की इस धरोहर की सूरत

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अनोखे कार्य करते हुये शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के लिये शहर से लेकर गांव गांव बच्चों को भवनों के लिये करोड़ो रूपया खर्च किये जा रहे है। मगर जिस तरह उन भवनों की अनदेखी जा रही है जिन भवनों ने नगर व क्षेत्र के लिये अनेक इस तरह के उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गई है जिसके लिये लोग उन्हें धरोहर का रूप देने से नही चूकते है। इसी प्रकार की धरोहर के रूप में गाडरवारा नगर की इस शिक्षण संस्था टाऊन स्कूलो को भी गिना जाता है। ज्ञात हो कि इस शिक्षण संस्था से वर्षो पहले अनेक इस तरह के छात्र निकलकर देश दुनियाँ में हमारे नगर का नाम रोशन करते हुये देखे जा रहे है। मगर वर्तमान में इस संस्था की अनदेखी का परिणाम है कि जहां यहां पर अध्यन करने वाले छात्र छात्राओं की संख्या में अंगूली पर गिना जा सकता है। इस तरह नगर की पाटी टंकी के पास स्थित इस शिक्षण संस्था



को अधिकारियों द्वारा चुनावी प्रक्रिया के दौरान तो याद करने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है। क्योंकि आज भी निर्वाचन आयोग द्वारा इस भवन में अनेक मतदान केन्द्रो की स्थापना करते हुये हमारे नगर से लेकर प्रदेश व देश की राजधानी में जलवा दिखाने वालों के भाग्य का फैसला करने के लिये नगर के मतदाओं को आमंत्रित किया जाता है। मगर चुनावी प्रक्रिया के उपरांत इस भवन को इस तरह से नजर अंदाज कर दिया जाता है जिसके चलते वह नगर की इतिहास को अपने आंचल में समेटे हुये अपनी बदहाली पर आंसू बहाने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई गणतंत्र दिवस के मौके पर उस समय देखने मिली जब लोगों को उम्मीद थी कि शासन के आदेश अनुसार सभी शासकीय शिक्षण संस्थाओं को रोशन करते हुये सजाया जावेगे जिससे अनुमान लग रहा था कि इस दिवस इस संस्था की भी सूरत बदलते हुये दिखाई पड़ेगी..? मगर लोग हैरत में उस समय पड़ने से नही चूक पाये जब अपनी शिक्षण संस्था के पवन के ऊपर छप्पर पर लगी हुई टूटी फटी पन्नी के बीच ही यहां पर ध्वजा रोहण करते हुये तिरंगे को सलामी देते हुये मात्र मुरमुरा व कुछ मिठाई रूपी सामग्री का प्रसाद वितरण करते हुये अपने घरों को अतिथिगण रवाना होने से से नही चूक पाये..? जबकि गौर किया जावे तो इस भवन से चंद कदम दूरी पर स्थित कालेज खेल मैदान को लाखों रूपया की लागत से दुल्हन की तरह सजाते हुये अधिकारियों से लेकर क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि गणतंत्र दिवस पर्व को धूमधाम से मनाने से नही चूक पा रहे थें तो दूसरी ओर यह नगर की धरोहर माने जाने वाली शिक्षण संस्था अपनी बदहाल पर आंसू बहाते बहाने के साथ तिरंगे की गरीमा को सम्मान देते हुये देखी जा रही थी।

## संदिग्ध स्थिति में पाई गई खेत मालिक कुंआ में लाश, पुलिस द्वारा हत्या का संदेह व्यक्त करते हुये शुरू की गई जांच

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इस समय लोग जहां नगर में चल रहे धार्मिक आयोजनों के साथ साथ 144 वषो के उपरांत प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ की भक्ति में लीन देखे जा रहे है। मगर इसी बीच पुलिस को जब इस बात की सूचना मिली की नगर के समीप पलोहा मार्ग पर आचार्य महल के पास एक खेत में बने हुये कुंआ में किसी की लाश पड़ी हुई है तो सनसनी का महौल निर्मित होने से नही चूक पाया। इस तरह नगर निरीक्षक को जब यह जानकारी मिली तो उन्होंने घटना की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने के साथ ही वह अपने दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे जहां पर देखा गया कि खेत मालिक यानि की हरिओम पिता स्व हल्के सिंह राजपूत उम्र लगभग 58 साल निवासी जगदीश वार्ड की उसके ही खेत में बने हुये कुये में लाश पड़ी हुई है। पुलिस द्वारा इस संबंध में परिजनों को अवगत कराते हुये उनके समक्ष शव को कुंआ से निकालते हुये देखा तो हरिओम के चेहरे सहित शरीर के अन्य भागों में चोट के साथ साथ घसीटे जाने के निशान दिखाई देने से नही चूक रहे थें। इस तरह पुलिस द्वारा मृतक के शव का पंचनामा बनाते हुये शव को परिक्षण हेतु भेजते हुये मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया गया है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि जगदीश वार्ड निवासी हरिराम राजपूत का खेत पलोहा मार्ग पर स्थित आचार्य शादी भवन के पास बना हुआ है। जहां पर जानकारी मिली की एक लाश पड़ी हुई है जिसके चलते जब मौके पर पहुंचकर देखा गया तो मृतक की पहचान हरिराम राजपूत के रूप में की गई। वही मृतक के शव पर जिस तरह के निशान दिखाई दे रहे है तथा घटना स्थल के आस पास खून व घसीटे जाने के जो निशान बने हुये है उससे प्रथम दृष्टया तो मामला हत्या का ही प्रतीत होते हुये जान पड़ रहा है। इसी के चलते पुलिस द्वारा मर्ग कायम करते हुये शव का पोस्ट मार्टम करने के बाद परिजनों को सौप दिया गया है। वही दूसरी ओर घटना को लेकर पुलिस द्वारा अलग अलग बिंदुओं पर जांच शुरू करते हुये कार्यवाही की जा रही है। जांच के बाद मामले की सच्चाई क्या सामने आती है उससे अवगत कराया जावेगा।



## मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर हजारों लोगों ने लगाई नर्मदाजी में आस्था की डुबकी

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** सदा ही क्षेत्रवासियों को अपना आर्शीवाद प्रधान करते हुये खुशहाल बनाने वाली माँ नर्मदाजी के भक्तों द्वारा वैसे तो हर पूर्णिमा व अमावस्या को आस्था की डुबकी लगाने के लिये लोग माँ नर्मदा तटों पर पहुंचते है। मगर जिस तरह बीते हुये बुधवार यानि की काफी लम्बे अंतराल के बाद पड़ी हुई इस मौनी अमावस्या के अनोखें संगम के मौके पर माँ नर्मदा भक्तों के बीच आस्था को जुनून देखने मिला है वह निश्चित तौर से अनोखा था। क्योंकि इस समय जिस तरह माँ गंगाजी के त्रिवेणी संगम प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में जिस तरह भीड़ उमड़ने के कारण हाल यह बना हुआ है कि मौनी अमावस्या के मौके पर प्रयाग राज पहुंचने वाले भक्तों की भीड़ का आलम क्षेत्र के रेलवे स्टेशनों पर देखा जा रहा है जिससे यह प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि अब सपूर्ण सनातनी लोग भगवान की भक्ति में लीन हो चुके है। क्योंकि लगभग 144 साल के उपरांत पड़ी इस मौनी अमावस्या के अनूठे पर्व के बीच लोग माँ गंगाजी के दर्शनों के साथ डूबकी लगाने के लिये आतूर होते हुये देखे जा रहे थें। मगर जो लोग प्रयागराज नही पहुंच पाये तो उनके द्वारा इस



पावन अवसर पर माँ नर्मदा जी में डूबकी लगाने में पीछे नही रहे। इसी का परिणाम देखने मिला की बीते हुये बुधवार को क्षेत्र के नर्मदा तटों पर मेंले जैसा दृश्य देखने मिला और हर घाट पर भक्तों की भीड़ का हुजूम लगने से नही चूक पा रहा था। इस तरह बीते हुये बुधवार मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर सुबह होते ही क्षेत्र के गांवों में ट्रेक्टर ट्रालियों में सबार होकर भी हजारों लोग माँ नर्मदाजी के स्नान करने के लिये पहुंचे। इस तरह मौनी अमावस्या के मौके पर नर्मदा तटों पर उमड़े हुये हुजूम के चलते मेला जैसा दृश्य दिखाई पड़ने से नही चूक रहा था। इस तरह का हाल क्षेत्र के सिर्फ ककरा घाट का ही नही बल्कि शोकलपुर, झिकोली, थरेरी, कोठिया, घघरौला खुर्द, लिंगा खुर्द, भटेरा घाट सहित अन्य घाटों का भी देखने मिला जहां पर हजारों की संख्या में माँ नर्मदा भक्तों ने नर्मदा तटों पर पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाते हुये पूजन अर्चन करते हुये अनेक प्रकार के धार्मिक आयोजन किये गये।

## अधिकारियों की उदासीनता के चलते कागजों में दबकर समाप्त हो जाती है शासन की अनेक योजनाएं.....?

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** राज्य और केन्द्र शासन ने प्रदेश के विकास हेतु कई कल्याण कार्ययोजनाएं जनता के हितार्थ बना दी है कि उनकों अमलीजामा पहनाना संदिग्ध हो चला है, योजनाओं का कितना क्रियान्वयन हुआ है और क्या उसमें कमी है, इसकी सूक्ष्मता से जांच जरूरी है? क्योंकि कागजी आंकड़ों मे योजनाओं को सफल बता दिया जाता है, इसके लिए जिम्मेदार होते है नौकरशाह और अफसरशाही वर्ग जो कि नेताओं को गुमराह कर योजनाओं को नीतियों को सफल क्रियान्वयन होना तो बता देते है परंतु नतीजा शून्य ही होता है? जिस प्रकार से शासन द्वारा आम लोगों के हितों को ध्यान रखते हुये योजनाओं की झड़ी लगा दी परंतु योजनाओं की परिणति क्या हुई होगी, इसका अंदाजा पूर्व से लेकर अब तक ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधि बने बैठे पार्टी के हम दर्दियों द्वारा ही प्रदेश के मुखिया की योजनाओं को किस प्रकार से क्रियान्वयन किया जा रहा है जो मात्र कागजों में तो दिखाई दे रही है, इसकी सच्चाई इस समय जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली अनेक पंचायतों में देखने मिली सकती है। जहां पर कागजो पर तो पंचायत में विकास कार्यो की गाड़ी पूरी तप्तार से दौड़ रही है, मगर सच्चाई कुछ और ही है? क्योंकि देखा जा रहा है कि प्रदेश मे पंचायतीराज, भ्रष्टाचार इर्ष्याद्वेष एवं भाई भतीजावाद के आधार पर चल रहा है,? पंचायतों के माध्यम से जिन योजनाओं के कार्य सौंपे जाते है उनमे सही एवं पात्र लोगों को लाभ न मिलकर अन्य लोगों को इसका लाभ मिल जाता है? जिन पंचायतों मे आदिवासी सरपंच है एवं महिला सरपंच है उनके कर्ताधर्ता उप सरपंच या सचिव होते है जो सामान्य या अन्य वर्ग के होते है जो भाई भतीजावाद के आधार पर सरपंच को गुमराह कर शासन की राशि पर पलीता लगाते रहते है?

## शिक्षक मधुसूदन को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर मिला सम्मान

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जब कोई शासकीय अधिकारी हो या फिर कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वाहन पूर्ण निष्ठा के साथ करता है तो उसके कार्यो की अपने विभाग के साथ साथ अन्य लोगों द्वारा सराहना करते हुये उसे सम्मान देने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिवस स्थानीय रूद्र कॉलेज मैदान पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह मे एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला सांगई के माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटैल को उत्कृष्ट कार्यों के लिए नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा एवं एसडीएम श्रीमति कलावती ब्यारे ने प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुये सम्मानित किया। इस अवसर पर नपा सभापति सुरेन्द्र गुर्जर, चंचल कोरी, सतीश कौरव भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि शिक्षक पटैल को इसके पहले 15 अगस्त 2023 को जिला मुख्यालय मे तत्कालीन कलेक्टर सुश्री ऋजू बाफना सम्मान मिल चुका है। इसके अलावा शिक्षाविद गिजु भाई, अटल शिक्षा रत्न सम्मान के अतिरिक्त अनेक कार्यक्रमों मे सम्मानित हो चुके है। उनके सम्मानित होने पर स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियो एवं शिक्षको ने प्रसन्नता जाहीर की गई है।

## खबर संक्षेप

### उपचार के लिए 30 हजार रुपये के आर्थिक सहायता की मंजूरी

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले के रेउसा तहसील कोतमा निवासी सुश्री सुप्रिया पिता सिद्ध प्रसाद को उपचार हेतु मुख्यमंत्री के स्वेच्छानुदान मद से स्वीकृत 75 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि के आहरण एवं संवितरण की मंजूरी प्रदान की है।

### बाबा रामदेव ने बाबा कल्याण दास महाराज से प्रयागराज मे की सौजन्य भेंट

**अमरकंटक।** उत्तराखंड के हरिद्वार पतंजलि पीठ संस्थापक योग ऋषि बाबा रामदेव ने आज तीर्थराज प्रयागराज मे शदी के विशालतम महाकुंभ के पावन अवसर पर सेक्टर 19 के उदासीन अखाड़ा शिविर में धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक के संत परम तपस्वी बाबा कल्याण दास महाराज से सौजन्य भेंट मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद लिया। योग ऋषि बाबा रामदेव महाराज ने अमरकंटक के संत बाबा कल्याण दास महाराज से विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया यह भेंट मुलाकात लगभग 1 घंटे चली बाबा कल्याण दास महाराज ने शिविर में पधारे बाबा रामदेव का शाल श्रीफल पुष्प गुच्छ अंग वस्त्र तथा महाकुंभ का प्रतीक चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। योग ऋषि बाबा रामदेव के साथ दो नए आए मंडलेश्वर को भी बाबा कल्याण दास ने आशीर्वाद दिया। बाबा रामदेव महाराज ने तपस्वी बाबा कल्याण दास महाराज का कुशल क्षेम पूछा और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। बाबा कल्याण दास महाराज ने योग ऋषि बाबा रामदेव को पवित्र नगरी अमरकंटक आने का आमंत्रण दिया जिसे बाबा रामदेव महाराज ने विनम्र भाव से स्वीकार करते हुये समय आने पर अमरकंटक आने की बात कही।

### मौनी अमावस्या पर भक्त श्रद्धालुओं ने नर्मदा में लगाई आस्था की डुबकी

**अमरकंटक।** धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में माघ मास के मौनी अमावस्या पर भक्त श्रद्धालुओं ने पतित पावनी पुण्य सलिला मां नर्मदा जी के रामघाट तट में हजारों की संख्या में आस्था की डुबकी स्नान ध्यान किया। दूरस्थ अंचलों से आए लगभग 10 हजार से भी अधिक तीर्थ यात्रियों भक्त श्रद्धालुओं ने पवित्र नगरी अमरकंटक के पुष्कर बांध, आरंडी संगम के नर्मदा तट में भक्ति भाव के साथ आस्था की पुण्य डुबकी लगाई तथा मां नर्मदा जी के मंदिर में पूजन अर्चन दर्शन का लाभ लिया। जैसा कि पूवार्नुमान था कि सदी का विशालतम प्रयागराज का महाकुंभ में आसपास के क्षेत्र से लाखों की तादाद में भक्त श्रद्धालु मां गंगा में स्नान दर्शन को जा रहे हैं इस कारण यहां इसका असर प्रभाव देखा गया। विगत वर्ष मौनी अमावस्या पर लाखों की तादाद में तीर्थ यात्री दर्शनार्थी पावन नर्मदा तट पर स्नान दर्शन हेतु आए थे। प्रातः से दोपहर तक विभिन्न घाटों में लगभग 10 हजार हजार दर्शन करने हेतु भक्त श्रद्धालु आए। इससे यहां के स्थानीय व्यापारी जो नारियल प्रसाद मनिहारी बेचते हैं वे मायूस नजर आए।

### जिले में हाथी लगातार कर रहे तोड़ फोड़, ग्रामीण परेशान

**अनूपपुर।** दो हाथियों का समूह विगत 37 दिन पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा से मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिला अंतर्गत जैतहरी, अनूपपुर तहसील एवं वन परिक्षेत्रो के क्षेंत्रो में विचरण करने बाद विगत एक सप्ताह से अधिक समय से वन परिक्षेत्र तहसील, थाना राजेंद्रग्राम/पुष्पराजगढ़ की सीमा में निरंतर विचरण कर रहे हैं। हाथियों के द्वारा दिन में जंगल में विश्राम करने के बाद देर शाम से पूरी रात तक जंगलों से लगे ग्रामीण अंचलों में आबादी से बाहर खेत एवं जंगल के किनारे खेत एवं बाडियों में कच्चे घर बनाकर रह रहे ग्रामीणों के मकानो एवं खेतों में लगे विभिन्न तरह के अनाजों को नुकसान कर/तोड़फोड़ कर अनाजों को अपना आहार बनाते हुए सुबह होते ही फिर से जंगलों में जाकर दिनभर विश्राम करते हैं। मंगलवार को पूरे दिन दोनों हाथी वन परिक्षेत्र, थाना एवं तहसील राजेंद्रग्राम/पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत सलैया अंतर्गत गुट्टीपारा बीट के जंगल में विश्राम करने बाद देर शाम एवं रात होने पर जंगल से निकलकर ढोड़ी के जंगल से होते हुए छीरपानी में रामकुमार पिता देवशरण सिंह, परसादी सिंह, जगत सिंह एवं अन्य के घरों में तोड़फोड़ करते हुए खेतों में लगे अनाजों को अपना आहार बनाकर बुधवार की सुबह पिपरहा बीट के गढीदादर खदान से होकर गढीदादर गांव के राजस्व का जंगल जिसमें यूके लिप्टिस का वृक्षारोपण है जहां लेन्टाना की झाड़ियों में ठहरकर विश्राम कर रहे हैं।

# नवागत कलेक्टर ने शासकीय प्राथमिक विद्यालय का किया औचक निरीक्षण





**डिंडोरी ।** नवागत कलेक्टर नेहा मारव्या ने बुधवार को शासकीय प्राथमिक विद्यालय पुरानी डिंडौरी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय पहुंच कर विद्यालयीन सुविधाओं का जायजा लिया। जिसमें उन्होंने उपस्थित शिक्षक,उपस्थिति पंजी, उपस्थित विद्यार्थी, मध्यान्ह भोजन सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर नेहा मारव्या ने प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों से संवाद किया, उन्होंने विद्यार्थियों से पाठ्यक्रम से गणित, अंग्रेजी और सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे, विद्यार्थियों ने गणित के सवाल प्रश्नों के उत्तर दिए। छात्रों ने उनको मिल रही शिक्षण सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। कलेक्टर नेहा मारव्या ने विद्यालय में विद्यार्थियों की कम उपस्थिति के कारण के बारे में शिक्षकों से जानकारी ली। कलेक्टर नेहा मारव्या ने शिक्षकों को उपस्थिति बढाने के लिए निर्देशित किया कि विद्यार्थियों को उचित रूप से शिक्षा प्रदान करें और विद्यालय आने के लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि गणित सहित अन्य सभी विषयों पर भी शिक्षक ध्यान दें। इस दौरान उन्होंने मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम का जायजा लिया और रसाईघर में स्वच्छता बनाये रखने के लिए निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और स्वच्छता के महत्व को बताने के लिए शिक्षकों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, एसडीएम शहपुरा एश्वर्य वर्मा, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

कलेक्टर नेहा मारव्या ने आज बुधवार को जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। उन्होंने उपलब्ध डॉक्टरों की स्थिति, उपलब्ध दवाइयां, पैथोलॉजी की स्थिति, ओपीडी, आईपीडी, सहित अन्य जानकारी ली। कलेक्टर नेहा मारव्या ने ओपीडी कक्ष, जनरल वार्ड, स्टोर कक्ष ,आदि का मुआवना किया। उन्होंने जनरल वार्ड के मरीजों से चर्चा की और इलाज की स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उपस्थित पंजी में उचित रूप से एंट्री न होने पर कलेक्टर नेहा मारव्या ने रजिस्टर व्यवस्थित करने के निर्देश दिए और अनुपस्थित पाये जाने पर डॉक्टर दिलीप रंगारे को कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए सीएमएचओ को निर्देशित किया।

## कलेक्टर ने नर्मदा जन्मोत्सव के लिए आयोजन स्थलों का किया निरीक्षण



**डिंडोरी।** कलेक्टर नेहा मारव्या ने बुधवार को आगामी नर्मदा जन्मोत्सव के लिए आयोजन स्थलों का निरीक्षण कर की जा रही तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह, सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम, एसडीएम शहपुरा एश्वर्य वर्मा, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांग, एसडीओपी डिंडौरी के.के त्रिपाठी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर नेहा मारव्या ने मुख्य बस स्टैण्ड पर यातायात व्यवस्था, मुख्य मार्ग में आवागमन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने नर्मदा घाटों का मुआयना कर महाआरती स्थल, भण्डारा स्थल, चुनरी यात्रा आयोजन, श्रद्धालुओं की आवागमन व्यवस्था, आतिशबाजी स्थल आदि का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोजन के दौरान चिन्हित स्थलों पर व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करें। इस दौरान कलेक्टर नेहा मारव्या ने आयोजक समिति के सदस्यों से चर्चा कर उनके सुझावों पर अधिकारियों को निर्देशित किया।

## निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन बना शराबियों का अड्डा



**डिंडोरी।** डिंडोरी जिला के शहपुरा नगर के बन रहे नए आंगनबाड़ी केन्द्रों का जहां पर विभाग के द्वारा नए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण के लिए ठेका दिया गया है लेकिन जिम्मेदार ठेकेदार धीमी गति से काम करने की वजह से निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन अब एक शराबियों के लिए शराब पीने का अड्डा बनके रह गया है, आपको बता दे की शहपुरा नगर के स्टेडियम के पास बन रहा आंगनवाड़ी भवन में शराबियों ने पीने का एक शराब अड्डा बना लिए है, वही जिम्मेदार अधिकारियों का इस और कोई ध्यान नहीं है विभाग के द्वारा बनवाई जा रही आंगनबाड़ी भवन की धीमी गति कार्य पर जिम्मेदार अधिकारी भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं जिसकी वजह से इन भवनों का यह हाल है काफी लंबे समय से इन आंगनबाड़ियों का काम चल रहा है इन भवनों में ना ही कोई दरवाजे लगे हैं और ना ही कोई गेट जिस कारण से शराबी अपना पीने का अड्डा बनाकर रख लिए हैं और इन भवनों में रात्रि विश्राम के लिए गाय के लिए तबेला भी बन जाता है। मिली जानकारी अनुसार जिम्मेदार विभाग के अधिकारी एक ही ठेकेदार को कई आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण के लिए जिम्मा दे दिया है जिस कारण से इन भवनों का निर्माण की गति इतनी धीमी गति से चल रहा है अब देखना यह होगा की जिम्मेदार अधिकारी इस खबर के बाद कब ध्यान देते हैं।

### सेफ्टी टैंक का खुला ढक्कन, हो सकती है बड़ी दुर्घटना

शाहपुर नगर में ठेकेदार व जिम्मेदार अधिकारियों की मिली भगत से निर्माण कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार देखने को मिल रहा है ऐसा ही मामला शाहपुर नगर के रानी दुर्गावती स्टेडियम के पास बन रहा नया निर्माण अधीन आंगनबाड़ी भवन जिसमें सेफ्टी टैंक का निर्माण कार्य किया गया लेकिन ठेकेदार सेफ्टी टैंक बनाकर खुला छोड़ दिया जिससे आए दिन खतरे की आशंका का बनी रहती है।आपको बता दे कि जब इस संबंध पर शहपुरा ब्लॉक के महिला बाल विकास अधिकारी से चर्चा की गई तो उनके द्वारा गोल-गोल जवाब देते हुए नजर आए।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में नर्मदा जन्मोत्सव की तैयारियों के संबंध में बैठक संपन्न

डिंडोरी



कलेक्टर नेहा मारव्या की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नर्मदा जन्मोत्सव की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह, सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम, एसडीएम शहपुरा एश्वर्य वर्मा, संयुक्त कलेक्टर भारती मेरावी, एसडीओपी डिंडौरी के.के त्रिपाठी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर नेहा मारव्या ने आगामी नर्मदा जन्मोत्सव की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। जिसमें उन्होंने नर्मदा घाटों की व्यवस्था, महाआरती, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता सहित आदि व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की। पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह ने बताया कि सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस विभाग की तैयारियां की जा रही हैं। जिसमें तीन अस्थाई बस स्टैण्ड, नौ पार्किंग स्टैण्ड, आउटर बेरीकेटिंग, इनर बेरीकेटिंग, पुलिस बल व्यवस्था की गई है। साथ ही विभाग को एडवाईजरी जारी कर दी गई है। कलेक्टर नेहा मारव्या ने चुनरी यात्रा के दौरान बेरीकेटिंग व्यवस्था, आपातकालीन स्थिति के लिए ट्रैफिक व्यवस्था, वृद्धजन एवं दिव्यांगजनों के लिए ई-रिक्सा की व्यवस्था आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश देते हुए व्यवस्थाओं को सुदृढ करने के लिए कहा। उन्होंने भण्डारे के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि भण्डारों में दोना पत्तल का ही प्रयोग सुनिश्चित करायें, प्लास्टिक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। नगर परिषद को निर्देशित किया कि घाटों पर डस्टबिन, अनाउंसमेंट व्यवस्था, फॉयर ब्रिगेड, दिशा सूचक संकेतक और स्वच्छता के लिए उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के लिए एंबुलेंस सुविधा, स्वास्थ्य टीम की उपलब्धता, फर्स्ट एड किट की व्यवस्था, आपातकालीन स्थिति में रेडी टू बेड की सुविधा सुनिश्चित कराने के लिए सीएमएचओ निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर सभी डॉक्टर ड्यूटी पर उपलब्ध रहें। कलेक्टर नेहा मारव्या ने सभी घाटों में तैराक दल, कंट्रोल रूम, पर्याप्त मेन पावर को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनायें।

## आमगांव में हर्ष उल्लास से मनाया गया ग्राम उत्सव



**अमरपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद अमरपुर द्वारा चयनित आदर्श ग्राम अमगांव में नवांकुर संस्था सेक्टर क्रमांक 3 चांदपुर में वीर शंकर शाह समग्र ग्राम विकास समिति आमगांव के तत्वाधान में बड़े हर्ष उल्लास के साथ ग्राम उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय ग्राम पंचायत सरपंच अमृत सिंह परस्ते, विशिष्ट अतिथि धोबी सिंह परस्ते, क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता मानिक लाल यादव, वरिष्ठ नागरिक माखन शुक्ला एवं ग्राम के प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति तथा विकासखंड समन्वयक अमर लाल धुर्वे की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित मंचासीनों द्वारा भारत माता के तेलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ के पश्चात अतिथियों का स्वागत माला एवं तिलक लगाकर किया गया। तत्पश्चात देशी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कबड्डी, मटकी फोड़, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता तथा करमा, शैला एवं रीना नृत्य प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्यक्रम में समस्त प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। साथ में 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले वृद्धजनों को गमछा और श्रीफल से सम्मानित किया गया। साथ ही क्षेत्र में सामाजिक कार्य कर रहे कार्यकर्ताओं को पर्यावरण के क्षेत्र में वृक्षारोपण, नशा मुक्ति, स्वच्छता, महिला प्रेरकों कोटवार, मुकदम और प्रतिभावान छात्र छात्रों को भी प्रमाण पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा उद्बोधन में हमारी भारतीय संस्कृति, रीति रिवाज, परंपरा, खान पान, रहन-सहन को जीवित रख ग्राम को आदर्श बनाने के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। तत्पश्चात सभी ग्रामवासियों को प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस पूरे कार्यक्रम में नवांकुर संस्थाओं से श्याम सिंह धुर्वे, गणेश केर्वथ, राकेश कुमार मरावी, मेंटर्स तिलक सिंह सैयाम, राधे बनवासी, छात्र-छात्राएं तथा समिति के कार्यकर्ता और ग्रामवासी मौजूद रहे।

## महाविद्यालयीन छात्रों को साइबर अपराध से बचने की दी गई जानकारी



**डिंडोरी।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में बुधवार को साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संस्था प्रभारी संदीप सिंह के निर्देशन में किया गया। उक्त कार्यक्रम में अमरपुर चैकी प्रभारी अतुल हरदहा मुख्य वक्ता के रूप में अपनी टीम के साथ सम्मिलित हुए। चैकी प्रभारी ने अपने उद्बोधन में साइबर के अंतर्गत होने वाले अपराधों के बारे में बताया एवं इनसे बचने के उपाय बताएं। मरावी जी ने छात्र छात्राओं को मोबाइल फोन उपयोग करते समय सावधानी बरतने के सुझाव दिए। स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी देव प्रकाश उईके ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए ऑनलाइन प्लेटफार्म में आने वाले प्रलोभनों से बचने की सलाह दी। एवं कार्यक्रम में शामिल रहे। सभी अतिथियों का महाविद्यालयीन स्टाफ व छात्र छात्राओं का धन्यवाद करते हुए आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में मंच का सफल संचालन डॉ. दीपक कुमार सिंगरौल के द्वारा किया गया। आयोजन में महाविद्यालय स्टाफ की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी रूपेंद्र वरकडे, नारी सशक्ति करण प्रभारी डॉ. सीमा ससत्या, डॉ. सुनील कुमार काकोड़िया, डॉ. पुष्पेन्द्र तिवारी, डॉ. कंचन ताम्रकार, हुस्नआरा अंसारी, डॉ. स्वर्णिम पटेल, प्रदीप कुमार कहार, दीपचंद गुप्ता, डॉ. कैलाश प्रसाद लखेरा, समीर धुर्वे, ओमकार वाटिया, कमलेश वास्पे, सहज सिंह मरावी शामिल रहे। छात्र छात्राओं में हेमेश्वर विश्वकर्मा, यामिनी, छाया, सुमनता, सेवंत परस्ते एवं अन्य छात्र छात्राओं का उल्लेखनीय योगदान रहा। महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र छात्राएं उत्साह पूर्वक इस कार्यक्रम में शामिल रहे

## आबकारी विभाग की कार्यवाही में अवैध शराब के 3 प्रकरण कायम



**डिंडोरी।** जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन व विक्रय के रोकथाम हेतु 28 जनवरी 2025 को आबकारी विभाग वृत्त शहपुरा में अवैध शराब रखने व बिक्री संबंधी प्राप्त शिकायतों के आधार पर दबिश कर कार्यवाही की गई। जिसमें आरोपी महेन्द्र कुमार ग्राम इंदौरी से 9 पाव देशी मदिरा प्लेन किराना दुकान से बरामद, तिवारी ग्राम घुण्डीसरई से 6 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, रत्तो बाई ग्राम घुण्डीसरई से 5 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब बरामद किया गया। जिसकी कुल मात्रा 11 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब और 1.62 वल्क लीटर देशी मदिरा प्लेन इनकी अनुमानित कीमत 3415/- रुपए है। उक्त सभी प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) "क" तहत पंजीबद्ध किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही सहायक जिला आबकारी अधिकारी एम.आर. उइके के मार्गदर्शन में आबकारी उप निरीक्षक सम्हर सिंह धुर्वे, आबकारी आरक्षक राम भरोस ठाकुर, छिद्दी लाल झारिया, मनीष उईके नगर सैनिक तोक सिंह मरावी द्वारा किया गया।

## ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की लचर व्यवस्था चिंताजनक



**डिंडोरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विक्रमपुर के अंतर्गत आने वाले अधिकांश उप स्वास्थ्य केन्द्रों के नियमित और समय पर नहीं खुलने से क्षेत्र के ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं।यही कारण है कि ग्रामीण आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के गरीब आमजन स्वास्थ्य सुविधाओं के बदहाली की मार झेल रहे हैं। और झोला छाप डाँक्टरों से इलाज करवाने विवश हैं।उप स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थ सरकारी स्वास्थ्य कर्मी ग्रामीण क्षेत्रों में तैनाती होने के बावजूद भी गांवों में अपनी मर्जी के दिन और समय पर ही पहुंचते हैं जैसे इनको सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश से कोई लेना देना ही नहीं है, या फिर इनके उच्चाधिकारीयों ने इन्हें मनमर्जी करने की खुली छूट दे रखी है। सबसे ज्यादा ग्रामीण अंचलों के क्षेत्रों में रहने वाले लोग स्वाथ्य सेवाओं की बदहाली की मार झेल रहे हैं। कहते हैं कि हमारा भारत गांव में बसता है और स्वास्थ्य ही वास्तविक पूंजी है। सरकार भी लगातार ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रयत्न शील है। पर उनके ही अधिकारी, कर्मचारी सरकार के प्रयासों में पलीता लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। रात्रिकालीन स्वास्थ्य सुविधाओं में प्राथमिक उपचार तक की कोई व्यवस्था नहीं है। कहने को तो एम्बुलेंस का रिस्पांस टाईम ग्रामीण क्षेत्रों में 24मिनट है, पर वह भी समय पर नहीं पहुंचती है। कुल मिलाकर स्वास्थ्य सेवाएं ग्रामीण क्षेत्रों में बेहद चिंताजनक है। ऐसा ही मामला ग्राम अझवार से सामने आया है अझवार के ईश्वर दुबे के ढाई वर्ष के बच्चे विनायक को दिनाँक 13/1/2025सोमवार को दस्त की शिकायत होने पर उप स्वास्थ्य केन्द्र बंद होने से प्राथमिक उपचार नहीं मिल सका। हालत बिगडने पर मंगलवार के शाम को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया पर बुधवार सुबह तक बच्चे की मृत्यु हो गई। जिससे व्यथित होकर बच्चे के पिता ने उप स्वास्थ्य केन्द्र बंद होने की शिकायत 181में दर्ज कराई गई है साथ ही लापरवाह कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

## युवक के तीन हत्यारों को न्यायालय ने दिया सश्रम आजीवन

**अनूपपुर।** प्रथम अपर सत्र न्यायालय पंकज जायसवाल के न्यायालय द्वारा अपने समक्ष विचाराधीन सत्र प्रकरण क्र 18/22 थाना कोतवाली अनूपपुर के आरोपी दिलीप केवट उम्र 28 वर्ष, नीलमन उर्फ मन्नू केवट उम्र 30 वर्ष, संतोष कुषवाहा उम्र 33 वर्ष सभी निवासी ग्राम खांडा को 28.01.2025 को हत्या के अपराध में सश्रम आजीवन कारावास व अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण की पैरवी प्र0 जिला अभियोजन अधिकारी हेमन्त अग्रवाल द्वारा की गई। प्रकरण अत्यंत गंभीर प्रकृति का था, जिसे जिला दण्डाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा चिहिन्त प्रकरण की श्रेणी में रखा गया। प्रकरण में तीनों आरोपीगण द्वारा शराब पीने और गाली-गलौच के मामूली विवाद को लेकर संयोजित तरीके से निमार्णधीन मकान पर मृतक मोनू उर्फ विकास सिंह को ले जाकर उसे सेंटिंग के बत्ते से इतना मारा कि लकड़ी का बत्ता टूट गया फिर टूटे हुए बत्ते से भी आरोपीगण द्वारा मारना शुरू कर दिया उसके पश्चात भी अन्य लकड़ी का बत्ता लाकर मृतक मोनू को मारा जिससे मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। आरोपीगण मृतक मोनू की हत्या कर मौके से भाग गए। घटना स्थल राजकुमार साहू के निमार्णाधीन मकान के पास मोनू उर्फ विकास की खून से लथपथ लाश मिलने पर अज्ञात के विरूद्ध थाना कोतवाली में हत्या का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया, प्रकरण का अन्वेषण किया गया। आवश्यक साक्ष्यों का संकलन किया गया। आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया, आरोपीगण के कब्जे से घटना के समय पहने हुए कपड़े जब्त किये गए, आवश्यक वैज्ञानिक साक्ष्यों का संकलन किये जाने के पश्चात अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## जिले में राजस्व महाभियान में 156172 प्रकरणों का किया गया निराकरणअनूपपुर।

शासन के निदेर्शानुसार कलेक्टर हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन में जिले में राजस्व महा अभियान में लम्बित राजस्व प्रकरणों के नामान्तरण, बँटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती, नक्क्शे तरमीम के निराकरण के 26 जनवरी तक जिले में चलाए गए राजस्व महाभियान के तहत 156172 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया है। अभियान की जिले स्तर, तहसील स्तर पर प्रतिदिन लंबित प्रकरणों के निराकरण की मॉनिटरिंग के लिये राजस्व महाभियान डैशबोर्ड बनाया गया, जिससे इस कार्य की सतत समीक्षा भी की गई। राजस्व महा अभियान 3.0 के दौरान किए जा रहे कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग वर्चुअल बैठक के माध्यम से कलेक्टर द्वारा सतत रूप से की गई। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित राजस्व विभाग के मैदानी अमले द्वारा निरंतर राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा था। अभियान के अंतर्गत जिले में 156172 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया।

## खबर संक्षेप

### कल्चुरी कलार समाज के पुनः अध्यक्ष बने सुरेश राय



**नरसिंहपुर।** कल्चुरी कलार समाज नरसिंहपुर की बैठक में सुरेश राय को पुनः अध्यक्ष पद के लिए चुना गया है। यह बैठक स्थानीय बरिया वाले हनुमान जी पीडब्ल्यूडी प्रांगण में आयोजित की गई थी। बैठक की शुरुआत भगवान श्री सहस्त्रबाहु के पूजन, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई। आगामी समय में होने वाले युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं जिला तहसील इकाई के पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर, संतोष चैकसे ने सुरेश राय को उनके सराहनीय कार्यों का उल्लेख करते हुए पुनः अध्यक्ष पद पर बने रहने का प्रस्ताव रखा, जिसका समर्थन सभी समाज के जनों द्वारा किया गया। इस अवसर पर गिरीश जायसवाल, डी.पी चैकसे, राधेश्याम राय, अनिल राय सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दीपक राय एवं आभार सुरेश राय द्वारा दिया गया।

### श्रमोदय विद्यालय प्रवेश हेतु अंतिम तिथि आज



**नरसिंहपुर।** श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल, इंदौर, ग्वालियर एवं जबलपुर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6वीं से 9वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों से 10 जनवरी से 30 जनवरी तक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। प्रवेश परीक्षा 9 फरवरी को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित की जायेगी। विद्यार्थी परीक्षा के प्रवेश पत्र मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के पोर्टल से डाउनलोड कर सकते है।

### हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**नरसिंहपुर।** विगत दिवस शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में 76 वॉं गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम शासन के निर्देशानुसार प्रातः 7: 30 पर प्रभात फेरी नारों के जयकारों के साथ निकाली गई। इसके उपरांत ग्राम पंचायत में ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात कन्या छात्रावास एवं बालक छात्रावास में प्राचार्य एस. के.बख्शी द्वारा ध्वजारोहण, ध्वज सलामी एवं सामूहिक राष्ट्रगान छात्र छात्राओं एवं समस्त स्टाफ के साथ किया गया। मुख्य कार्यक्रम शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में ध्वजारोहण पूर्व जनपद सदस्य पंडित बृजभूषण वाजपेई द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप सरपंच मुकेश शाह, लक्ष्मी नारायण शाह, शंकर प्रजापति(पूर्व सरपंच) ज्ञानी नामदेव समस्त स्टाफ और समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन तरुवर सिंह पटेल एवं कार्यक्रम का आभार राजेश सिंगोतिया द्वारा किया गया।

### सड़क हादसे में वृद्ध की मौत

**नरसिंहपुर।** गत दिवस सिंहपुर के पास हुई सड़क दुर्घटना मे वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विश्राम सिंह चैधरी उम्र 62 वर्ष निवासी कल्याणपुर पैदल सिंहपुर जा रहा था तभी लोकीपार व सिंहपुर के बीच अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिन्हे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया।

### दो बाइकों मे टक्कर, 3 घायल

**नरसिंहपुर।** विगत दिवस थाना क्षेत्र मुंगवानी के ग्राम खेड़ा के पास हुई सड़क दुर्घटना मे 3 लोग घायल हो गये। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आमने सामने आ रही मोटर सायकिल टकरा गई जिसमें होमगार्ड जवान समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों में गाडरवारा खेड़ा निवासी 52 वर्षीय कालीचरण, 30 वर्षीय सुरेंद्र और मुंगवानी के होमगार्ड जवान राजाराम शामिल हैं। एमटी मनुप्रताप कौरव के नेतृत्व में मुंगवानी पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

## मेंटर्स का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारम्भ

# विद्यार्थियों में भी बौद्धिक व सामाजिक क्षमता में होगी वृद्धि

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**



मप्र जन अभियान परिषद के तत्वावधान और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में संचालित समाज कार्य में स्नातक एवं स्नातकोत्तर- सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत विकास पाठ्यक्रम के परामर्शदाता- मेंटर्स का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ रामस्नेही पाठक के मुख्य आतिथ्य, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे की अध्यक्षता, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, प्राध्यापक डॉ. चंद्रशेखर राजहंश की उपस्थिति में हुआ। रामस्नेही पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम निश्चित ही समाज में एक क्षमतावान, सशक्त एवं स्वावलंबी में शत प्रतिशत सफल होगा। मेंटर्स की क्षमता में वृद्धि व नवीन तकनीकी की जानकारी प्रदान करने वाले ऐसे प्रशिक्षण की आवश्यक है, जिसकी पूर्ति मप्र जन अभियान परिषद कर रहा है।

नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे ने कहा कि जन अभियान परिषद सामुदायिक सहभागिता से स्थानीय संसाधनों के सदुपयोग करने और स्थानीय विकास की संकल्पना को साकार कर रहा है। राज्य शासन द्वारा सौंपे गए दायित्वों में यह पाठ्यक्रम का उत्तरदायित्व का निर्वहन के लिए परिषद के कार्यकर्ताओं सहित सभी परामर्शदाताओं को शुभकामनाएं प्रदान की। महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी ने कहा की इस प्रशिक्षण के बाद न केवल मेंटर्स की गुणवत्ता वृद्धि सुनिश्चित होगी, बल्कि पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों में भी सामाजिक कार्यों को करने में उनकी क्षमता में वृद्धि होगी। जिला समन्वयक मप्र जन अभियान परिषद जयनारायण शर्मा ने दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला के बारे में विस्तार से बताया। प्रशिक्षण कार्यशाला का प्रथम सत्र नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषय पर डॉ. चन्द्रशेखर राजहंस ने प्रशिक्षण प्रदान किया। द्वितीय सत्र जिला समन्वयक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जबलपुर प्रदीप तिवारी पाठ्यक्रम संचालन की मूल गतिविधियां एवं परामर्शदाताओं की भूमिका विषय पर विस्तार बताया। तृतीय-सत्र जिला समन्वयक जन अभियान परिषद नरसिंहपुर जयनारायण शर्मा ने मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम एवं सतत विकास लक्ष्य की अवधारणा तथा कक्षा संचालन की पद्धति व्याख्यान, विचार-विमर्श, ब्रेन-स्टॉर्मिंग आदि पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्यशाला के चतुर्थ सत्र में विकासखंड समन्वयक चांवरपाठा धर्मेंद्र चौहान ने परामर्शदाताओं की जिज्ञासा का समाधान एवं सम्पर्क कक्षाओं को प्रभावी कैसे बनाएं के विषय पर प्रशिक्षण दिया। प्रथम दिवस के समापन सत्र में सभी प्रशिक्षणार्थियों को समूह कार्य दिया गया और उसकी प्रस्तुती कराई गई। कार्यक्रम का संचालन विकासखंड समन्वयक गोटेगांव प्रतीक दुबे व आभार धर्मेन्द्र चैहान ने व्यक्त किया। इस दौरान जिले की समस्त विकास खंडों में संचालित पाठ्यक्रम के परामर्शदाता सभी सत्रों में सहभागिता दी।



## रतलाम को हराकर नरसिंहपुर हॉकी में विजयी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शाहिद प्रकाश हॉकी टूर्नामेंट देवरी मे उद्घाटन मैच नरसिंहपुर और रतलाम टीम के बीच खेला गया। जिसमें नरसिंहपुर हॉकी टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 6-0 से जीत हासिल की। पहले हाफ में दोनों टीमें बराबर रही दूसरे हाफ में नरसिंहपुर टीम ने आक्रामक खेल चालू करते ही विशाल नोरिया ने 35 वे मिनट में पहला फील्ड गोल किया, 40 वे मिनट बाद निलेश गौहर ने दो गोल लगातार किये, 50 वे मिनट के बाद 53 मिनट बाद अनुज बरमैया ने चैथा गोल किया, नरसिंहपुर के नेशनल खिलाड़ी साहिल दास ने 55,56 मिनट में लगातार आखिरी दो गोल करके मैच अपने पक्ष में 6-0 किए। इस मैच के निर्णायक निर्णायक विशाल करी और आबिद खान रहे।

### श्री देव ठाकुर बाबा महाराज मंदिर में धार्मिक आयोजन

**गोटेगांव** स्थानीय नगर के श्री देव ठाकुर बाबा मंदिर में भव्य तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। इस दिव्य अवसर पर पुण्य लाभ अर्जित करें और बाबा के कृपा पात्र बनें।कार्यक्रम1 फरवरी 2025 (शनिवार) को स्थापना पूजन और ठाकुर बाबा के पवित्र मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना एवं मंत्रोच्चारण द्वारा शुभारंभ होगा। वहीं 2 फरवरी 2025 (रविवार) को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें नगरवासी जगह-जगह पुष्पवर्षा कर इस दिव्य यात्रा का स्वागत करेंगे।वहीं 3 फरवरी 2025 सोमवार को कलश स्थापना, पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा इस पावन अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें सत्संग, भजन-कीर्तन एवं झांकियां भी शामिल रहेंगीं। आयोजन समिति ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार इस आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया है।



## शिविर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सप्त दिवसीय विशेष शिविर ग्राम सिवनी बंधा में 27 से 02 फरवरी तक संचालित किया जा रहा है। शिविर के तृतीय दिवस कार्यक्रम अधिकारी शरद गुप्ता के नेतृत्व में स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम में परियोजना कार्य के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। शिविर के दौरान बौद्धिक परिचर्चा में नशा मुक्ति पर विचार विमर्श किया गया। संकुल प्राचार्य एसके बक्शी के द्वारा नशा मुक्ति के संबंध मे विस्तार से जानकारी दी। शिक्षक तरुवर पटेल और पुष्पेंद्र पूशाम के द्वारा भी नशा मुक्ति पर बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विकास गुप्ता तथा आभार प्रदर्शन शिक्षक ओंकार गोस्वामी द्वारा किया गया। शिविर में शिक्षक यश गुप्ता तथा भ्रत्य धर्मेश ठाकुर अपनी विशेष सेवाएं दे रहे हैं। शिविर में दलनायक सुरेंद्र ठाकुर, आशीष गोंड, भानु प्रताप गोंड सहित अन्य स्वयंसेवक शिविर में सहभागिता कर रहे हैं। शिविर में शिक्षक गेंदालाल काछी तथा जमुना प्रसाद काछी अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

## वीरांगना क्लब ने गणतंत्र दिवस पर किया ध्वजारोहण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** वीरांगना क्लब द्वारा गोरी शंकर पार्क में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में सामूहिक ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनपरिषद, संगठन नरसिंहपुर, पेंशनर समाज नरसिंहपुर, और मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के सदस्यों सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने राष्ट्रगीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम में क्लब की प्रमुख सदस्य, पूर्व एरिया ऑफिसर अर्चना राय, मल्टीपल डायरेक्टर ली. रुप कला कटारे, पूर्व अध्यक्ष पूनम जैन, अध्यक्ष सविता महोबिया, सचिव पूनम धुर्वे, कोषाध्यक्ष रजनी राजोरिया, रेनू नोरिया, प्रीती गोस्वामी, सोनाली राय, वरिष्ठ सदस्या सुनंदा भट्ट और अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

## जनशिक्षा केन्द्र हाईस्कूल बगासपुर में शैक्षिक संवाद का हुआ आयोजन



**गोटेगांव** तहसील के अंतर्गत ग्राम बगासपुर के जनशिक्षा केन्द्र शासकीय हाईस्कूल बगासपुर में विगत दिवस शनिवार को शैक्षिक संवाद के तहत जनशिक्षक राजेश अग्रवाल,प्रभारी जनशिक्षक प्रकाश कुमार राकेशिया एवं सहजकर्ता सतीश कुमार साहू द्वारा सभी शिक्षकों से शैक्षिक संवाद किये गये। शिक्षा का स्तर भयमुक्त एवं सुधारने हेतु सभी शिक्षकों को कहा गया। जनशिक्षा केन्द्र बगासपुर प्रभारी रंजीत सिंह पिपरोलिया द्वारा सभी शिक्षकों को कहा गया कि अपने अपने स्कूलों में शैक्षिक संवाद से मिले ज्ञान को छात्रों के बीच प्रकाशित करें। सभी शिक्षक नियमित एवं समयानुसार शाला में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। उप. जनशिक्षा केन्द्र बगासपुर के सभी शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा। इस दौरान शिक्षक उपस्थित रहे।



### पीएम श्री विद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

**गोटेगांव** के अंतर्गत ग्राम खमरिया(झांसीघाट) के पीएम श्री विद्यालय में विकासखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से आए हुए स्वास्थ्यकर्मियों के दल द्वारा बीते दिन बुधवार को बृहद रूप से कक्षा 1 से लेकर कक्षा 12वीं तक के समस्त बच्चों का पूर्ण रूप से मेडिकल चेकअप किया गया।जिसमें स्कूल के सभी छात्र छात्राओं के नेत्र रोग एवं अन्य सभी रोगों की जांच की गई। वहीं स्वास्थ्य केंद्र से डॉ निशा साहू आरबीएसके,सतीश उपाध्याय ए.एम.ओ,सुनील,नेत्र रोग विशेषज्ञ कमला पटेल,कल्पना श्रीवास्तव सहित स्कूल के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## देर रात दुकान में लगी भीषण आग



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बीती रात थाना क्षेत्र सुआतला के राजमार्ग चौराहे पर स्थित एक अवैध गैस सिलेंडर दुकान में अचानक विस्फोट हो गया। इस विस्फोट के बाद भीषण आग लग गई। यह दुकान भोपाल जाने वाली सर्विस रोड पर स्थित थी, जिसके मालिक सुनील जैन अवैध रूप से गैस सिलेंडरों की बिक्री कर रहे थे। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि आसपास के क्षेत्र में दहशत फैल गई। धमाके की आवाज सुनकर बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन दुकान में रखे अन्य सिलेंडरों के फटने के डर से कोई व्यक्ति नजदीक जाने की हिम्मत नहीं कर सका। आग ने कुछ ही समय में विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के क्षेत्र को भी प्रभावित किया। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई, गनीमत रही कि घटना किसी प्रकार की जनहानि नही हुई।

## संकट मोचन मंदिर में 75 वीं साप्ताहिक संगीतमय महाआरती संपन्न



**गोटेगांव** - नगर के स्थानीय श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर सेवा समिति के तत्वाधान में विगत दिवस रामभक्त हनुमान जी महाराज की संगीतमय साप्ताहिक महाआरती पंडित ओमप्रकाश मुखरईया के आचार्यत्व में पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चारण व विधि विधान के साथ पत्रकार राहुल पाटकर सौरभ मनोत्रा द्वारा पूर्ण विधि विधान मंत्र उच्चारण के साथ पूजन अर्चन किया गया संकट मोचन मारूति नंदन हनुमानलला को भगवा चोला पहनाकर पुष्पहार से सजाते हुए लड्डू, जलेबी मिष्ठान एवं पान का भोग अर्पित अर्पित कर भक्तों द्वारा सामूहिक श्री हनुमान चालीसा श्री राम स्तुति का गायन कर हनुमान जी की संगीतमय महाआरती की तत्पश्चात भजन मंडली द्वारा भगवान श्री रामचंद्र एवं हनुमान जी के भजन प्रस्तुत किए तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया गौरतलब है कि श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर सेवा समिति द्वारा प्रत्येक मंगलवार को हनुमान लला की संगीतमय महाआरती विगत डेढ़ वर्षों से भी अधिक समय से एवं 78 वें सप्ताह से निरंतर जारी साप्ताहिक संगीतमय महाआरती आयोजित की जाती है। जहां श्रद्धालु भक्तजन महाआरती में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित कर युवाओं में भक्ति की ऊर्जा उत्पन्न कर रहे हैं।।महाआरती के शुभ अवसर पर पं.ओमप्रकाश मुखरईया,पत्रकार राहुल पाटकर,पत्रकार सीताराम रजक,शैलेश नेमा,शंकर राय,मयंक पाटकर,राजा पटेल,दीपक ठाकुर,अमन साहू,जित्तू यादव,जय विश्वकर्मा,विजय विश्वकर्मा,ऋतिक चौकसे, रोहित यादव,कृपाल झरिया,राजा ठाकुर,पवन यादव,अभिषेक राय, अनुज नामदेव,आकाश केवट,जय माधवानी, सुमित माधवानी,अनंत केसरवानी,मुकुल ठाकुर, गोविंद पटेल सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु भक्तजन नन्हे मुन्ने बच्चे एवं मातृशक्ति की उपस्थिति रही।

### एवं श्री भागवत कथा प्रवचन शुरू

**तेंदूखेड़ा** पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तीर्थ कैलाश कुटी ललिता घाट हीरापुर में स्वामीजी महाराज की तप साधना स्थली मां राजराजेश्वरी मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 29जनवरी मंगलवार से 4 फरवरी तक 35वां श्री शतचंडी यज्ञ एवं श्री भागवत कथा प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है।4 फरवरी को पुण्य सलिला मां नर्मदा जी जयंती महोत्सव पर विशाल भंडारे के साथ समापन होगा।यज्ञ अवधि में प्रतिदिन दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक प्रवचन होंगे।

### मृगन्नाथ धाम में 15 वां श्री सीताराम महायज्ञ 30जनवरी से

**तेंदूखेड़ा** क्षेत्र के प्रतिष्ठित पीपरवानी पान की पहाड़ी पर स्थित प्राचीन सिद्ध स्थल मृगन्नाथ धाम में विगत 15 वर्ष से चली आ रही श्रंखला के चलते इस वर्ष भी आगामी 30 जनवरी से श्री सीताराम महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। 30 जनवरी से विशाल कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होने वाला यह महायज्ञ 7 फरवरी तक चलेगा जो विशाल भंडारे के साथ संपन्न होगा।साथ 31 जनवरी से 6 फरवरी तक पं विकास शर्मा के द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के माध्यम से भगवान की लीलाओं का वर्णन किया जायेगा।

## नर्मदा घाटों पर रही भीड़ भाड़

**तेंदूखेड़ा** मोनी अमावस्या के अवसर पर सुबह से ही तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नर्मदा घाटों पर बड़ी संख्या में भीड़ भाड़ देखने को मिलीं। श्रद्धालु सुबह से ही अपने अपने निजी साधनों से ककरा घाट बिल्थारी बारह सिमरिया छत्तरपुर करोंदी शोकलपुर घाटों पर पहुंचे। स्नान कर पूजन अर्चन किया।



# विस्फोट के बाद दुकान में लगी आग फायर ब्रिगेड की मदद से बुझाई आग





### राजमार्ग चौराहे की घटना

**तेंदूखेड़ा** सुआतला थाने के अंतर्गत आने वाले राजमार्ग चौराहे पर मंगलवार रात एक गंभीर हादसा घटित हुआ जब राजमार्ग चौराहे पर भोपाल सड़क मार्ग पर स्थित एक दुकान में अचानक विस्फोट हुआ और देखते-ही-देखते भीषण आग लग गई। बड़ी मशक्कत और फायर ब्रिगेड की सहायता से आग पर काबू पाया गया। जानकारी के मुताबिक एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान है जिसमें छोटे गैस सिलेंडरों को कहीं बाहर से गैस भरवा कर लाकर बेचने की बात सामने आई है। बाहनों में तथा सिलेंडरों में रिफिलिंग के लिए यह दुकान अधिकृत नहीं है ।गुपचुप तरीके से यह सिलसिला जारी था। आग कैसे लगी यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है।विस्फोट की आवाज से लोग सहमे विस्फोट इतना जोरदार था कि आसपास के क्षेत्र में दहशत फैल गई। धमाके की आवाज सुनकर बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंचे। लेकिन दुकान में रखे अन्य सिलेंडरों के फटने के डर से कोई व्यक्ति नजदीक जाने की हिम्मत नहीं कर पा रहा था। आग ने कुछ ही समय में विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के रहवासियों को भी प्रभावित किया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। पुलिस घटना की सूक्ष्मता से जांच में जुट गई है। यदि समय पर बचाव नहीं हो पाता तो गंभीर और वीभत्स रूप ले सकता था। रहवासियों ने इस तरह की गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से लगाम लगाने की मांग की है।

### इनका कहना है

आग कैसे लगी अभी तक यह तो स्पष्ट नहीं हो सका है। ट्रकों मोटर वाहनों को इलेक्ट्रॉनिक सामग्री बेचा करता है घटना जब घटित हुई थी उस समय दुकान बंद थी। हां यहां पर कुछ खाली छोटे छोटे सिलेंडर जरुर मिले हैं हो सकता है कि कहीं बाहर से भरवा कर लाता हो और जरुरत मंदों को बेंचता हो।

**बी एल त्यागी**
**थाना प्रभारी थाना सुआतला**